दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, रविवार 17 मार्च 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# खैरात में मौत

रोहतक में वोटरों को लुभाने के लिये आयोजित सस्ता अनाज वितरण कार्यक्रम में मची भगदड़ में एक महिला की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। एक कांग्रेस नेता द्वारा आचारसंहिता लागू होने से ठीक पहले आननफानन में आयोजित कार्य म में जरूरतमंदों को घंटों भूखे-प्यासे खड़ा रखा गया और जब अनाज बांटने की बारी आई तो लोगों का धैर्य जवाब दे गया। फिर अफरातफरी में भगदड़ मची और दुर्घटना हुई। कार्य म में सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी शामिल हुए थे। विडंबना देखिये कि आयोजकों ने प्रशासन से कार्य म के लिये अनुमति लेनी जरूरी नहीं समझी। ऐसे में जहां इस हादसे के लिये आयोजक जिम्मेदार हैं वहीं प्रशासन भी अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकता। यह भीड़भाड़ वाला कार्य म रेलवे लाइन के नजदीक आयोजित किया गया, यह जानते हुए भी कि पंजाब में रेलवे लाइन के पास आयोजित सार्वजनिक कार्य म में बड़ा हादसा हो चुका है। बहरहाल, रोहतक की दुर्घटना कई सवालों को जन्म देती है। आयोजकों से पूछा जाना चाहिए कि क्यों जरूरतमंदों को सुबह नौ बजे बुलाकर साढ़े तीन बजे तक लाइनों में खड़ा रखा गया जाहिर बात है कि कथित सस्ते अनाज को पाने के लिये लोगों को धैर्य चूक गया और भगदड़ मच गई।

दरअसल, निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिये खैरात बांटने का यह अकेला मौका नहीं है। वर्ष 2004 में लखनऊ में वरिष्ठ भाजपा नेता लालजी टंडन के जन्मदिन पर आयोजित साड़ी वितरण कार्य म में भगदड़ मचने से 21 महिलाओं की मौत हो गई थी। ऐसे ही सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह के जन्मदिन पर वर्ष 2014 में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में भगदड़ से एक महिला की मौत हुई थी। ऐसी खबरें दक्षिण भारत से भी अकसर आती रहती हैं। दरअसल, ये घटनाएं हमारे समाज के स्याह सच को बताती हैं। समाज में गरीबी की ऐसी स्थिति है कि लोग सस्ते अनाज व साड़ी के लिये जान दांव पर लगा देते हैं। नेता सही मायनो में गरीबी दूर करने के ठोस कार्यक्रमों पर ध्यान क्यों नहीं देते वे क्यों उम्मीद पाल लेते हैं कि सस्ता अनाज या साड़ी देकर उनका वोट पक्का हो गया देश के विकास व तरक्की के तमाम दावों के बावजूद हकीकत बेहद चिंताजनक है कि लोग थोड़े से सस्ते अनाज के लिये सुबह से शाम तक भूखे-प्यासे लाइनों में खड़े रहते हैं। ऐसे में सिर्फ आयोजक ही आपराधिक लापरवाही के लिये जिम्मेदार नहीं हैं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी से वे नेता भी नहीं बच सकते, जिनके लिये यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह हमारे लोकतंत्र की भी विडंबना ही है।

# इस साल निर्यात 2013-14 के रेकॉर्ड स्तर को कर सकता है पार



नई दिल्ली (आनएनएस)। हाल के महीनों में सुस्ती के बावजूद चालू वित्त वर्ष में निर्यात 2013-14 के रेकॉर्ड स्तर को पार करने की राह पर है। शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में निर्यात 2.5 फीसदी बढ़कर 26.7 अरब डॉलर रहा। इस दौरान इंजिनियरिंग गुड्स, केमिकल्स, राइस, कॉटन यार्न और फैब्रिक्स के निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जबकि तेल उत्पादों के निर्यात में 7.7 फीसदी की गिरावट देखी गई। फरवरी में सोना, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद और कच्चे तेल का आयात कम रहा, जिसके कारण आयात बिल 5.4 फीसदी घटकर 36.3 अरब डॉलर का रहा। इससे व्यापार घाटा घटकर 9.6 अरब डॉलर का हो गया, जो पिछले साल फरवरी में 12.3 अरब डॉलर पर रहा था। वस्तुतः फरवरी के दौरान, करीबी नजर रखे जाने वाले 30 सेक्टर्स में से 12 सेक्टर्स के निर्यात में गिरावट देखी गई।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-फरवरी के दौरान भारत का निर्यात 8.8 फीसदी बढ़कर 298.5 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि आयात 10 फीसदी बढ़ोतरी के दायरे में रहकर 464 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

पॉलिसीमेकर्स और व्यापार विशेषज्ञ निर्यात के आंकड़े पर करीबी निगाह बनाए हुए हैं, क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार निर्यात के स्तर को अब तक उम्मीद के अनुरूप बढ़ा नहीं पाई है। सरकारी अधिकारियों ने इसका ठीकरा वैश्विक निर्यात में मंदी और दुनियाभर में बढ़ रहे संरक्षणवाद खासकर अमेरिका पर फोड़ा है।

मोदी सरकार को उम्मीद है कि इस वित्त वर्ष में निर्यात लगभग 330 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा, जिससे वह यूपीए सरकार के अंतिम वर्ष के दौरान निर्यात के रेकॉर्ड 314 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा।

## पेट्रोल के दाम लगातार तीसरे दिन बढ़े, डीजल हुआ सस्ता



नई दिल्ली (आनएनएस)। पेट्रोल के दाम में शनिवार को लगातार तीसरे दिन बढ़ोतरी दर्ज की गई, लेकिन डीजल सस्ता हुआ है। डीजल के दाम में उपभोक्ताओं को लगातार तीसरे दिन राहत मिली है। तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में आठ पैसे लीटर की बढ़ोतरी की है।

## रिजर्व बैंक ने बाजार में दुरुपयोग रोकने के लिए जारी किये दिशा निर्देश



मुंबई (आनएनएस)। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बाजार भागीदारों द्वारा मूल्य संवेदनशील सूचना का वित्तीय साधनों में दुरुपयोग रोकने के लिये दिशा निर्देश जारी किये हैं। रिजर्व बैंक की यहां जारी अधिसूचना में कहा गया है, बाजार भागीदार चाहे वह स्वतंत्र रूप से कारोबार करते हैं अथवा मिलकर काम करते हैं, वह किसी बेंचमार्क दर अथवा संदर्भ दर की गणना के साथ साठगांठ की मंशा से कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। दिशानिर्देश में कहा गया है कि कोई भी बाजार भागीदार किसी खास दर अथवा संदर्भ दर को ध्यान में रखते हुये एकाधिकार की मंशा से कोई सौदा नहीं करेगा। रिजर्व बैंक के ये दिशानिर्देश शुक्रवार को प्रभावी हो गये। रिजर्व बैंक ने कहा है कि कोई भी भागीदार बाजार में ऐसी मंशा के साथ साठगांठ करते हुये पाया गया तो उसे बाजार में एक अथवा एक से अधिक साधनों में एक महीने तक के लिये भागीदारी से रोका जा सकता है। रिजर्व बैंक ने हालांकि कहा है कि उसके ये निर्देश मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों में किये गये सौदे पर लागू नहीं होंगे।

## अब डेबिट कार्ड के बिना एटीएम से निकाल सकेंगे पैसे




नई दिल्ली (आनएनएस)। स्टेट बैंक अपने ग्राहकों के लिए एक खास सुविधा लेकर आया है। जिस से आप डेबिट कार्ड के बिना एटीएम से पैसे निकलवा सकते है। इसके लिए ग्राहकों को मोबाइल एप पर वन-टाइम पासवर्ड जेनरेट करना होगा। जिसकों एटीएम में एंटर करते आप पैसे निकलवा सकते है।

चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा कि एक बार सभी एटीएम में इस टेक्नॉलजी के इंटीग्रेट होने के बाद, हम इस टेक्नॉलजी के सभी वेंडर कैश पॉइंट्स, पॉइंट ऑफ सेल डिवाइसेज और माइक्रो-एटीएम में भी लागू करेंगे। ग्राहक अपने एसबीआई वाईओएनओ ऐप के जरिए टू-स्टेप कैश विड्रॉल प्रक्रिया शुरू कर 6 डिजिट वाला ओटीपी जेनरेट कर सकते हैं। जेनरेट हुआ पिन आधे घंटे तक वैद होगा और इस दौरान ग्राहक किसी भी एसबीआई एटीएम में जाकर, अपने वाईओएनओ पिन के जरिए ट्रांजैक्शन को ऑथेंटिकेट कर, 6 डिजिट वाला ओटीपी एंटर कर सकते हैं। यह सर्विस अभी 16,500 एटीएम में उपलब्ध होगी। बाकी दूसरे एटीएम में थोड़े-बहुत अपग्रेड के बाद देशभर में स्थित कुल 60,000 एटीएम में इसस सुविधा को अगले 3 से 4 महीने में उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## आईपीएल में राजनीतिक विज्ञापन पर फैसला सोमवार को




नई दिल्ली (आनएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुख्य प्रसारणकर्ता स्टार इंडिया से एक अनुरोध प्राप्त हुआ है जिसमें वह 23 मई से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12 वें संस्करण में राजनीतिक विज्ञापनों को दिखाना चाहता है। लेकिन बीसीसीआई और स्टार के बीच हुए मीडिया अधिकार समझौता (एमआरए) में साफ तौर पर कहा गया है कि इसमें राजनीतिक या धार्मिक विज्ञापनों के लिए कोई जगह नहीं है।

ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) इस मामले पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एक बैठक करेगी। करीबी सूत्रों ने बताया कि आईपीएल के दौरान राजनीतिक विज्ञापन दिखाने की अनुमति मिलना न के बराबर है, फिर भी इस मामले पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, सीओए की तीन सदस्यीय समिति सोमवार को बैठक करेगी। बैठक में यह भी देखा जाएगा कि वास्तव में स्टार क्या चाह रहा है। लेकिन, इस संबंध में बीसीसीआई के पहले के रुख को पलटना ना के बराबर है।

## फेसबुक, व्हाट्सअप के शीर्ष अधिकारियों ने दिया इस्तीफा




फेसबुक के दो शीर्ष अधिकारियों -मुख्य उत्पाद अधिकारी क्रिस कॉक्स और व्हाट्सएप के उपाध्यक्ष क्रिस डेनियल्स- ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है. फेसबुक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने इसकी घोषणा की. इस सोशल मीडिया मंच पर डेटा निजता घोटालों व फर्जी खबरों के प्रसार के बीच फेसबुक से हाल ही में कई हाई-प्रोफाइल लोगों को निकलते देखा गया है.

जुकरबर्ग ने गुरुवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, 'कॉक्स और मैंने एक दशक से अधिक समय तक अपने उत्पादों के निर्माण के लिए मिलकर काम किया है और मैं हमेशा से हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करने वालों के लिए उनकी गहरी सहानुभूति की सराहना करूंगा.

## आज का राशिफल

मेषः गणेशजी कहते हैं कि आज आपका मन काफी चंचल रहेगा। प्रतिस्पर्धियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी। आप किसी बौद्धिक या तार्किक चर्चा में भाग लेंगे।

वृषभः आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करें। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं। यात्रा का आयोजन सफल नहीं होगा।

मिथुनः आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्वादिष्ट भोजन और अच्छे कपड़े पहनने को मिलेंगे।

कर्कः आज आप खिन्नता और भय का अनुभव कर सकते हैं। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो सकता है। पारिवारिक कार्यों में खर्च हो सकता है।

सिंहः आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी। उत्तम भोजन मिलेगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। स्त्री मित्र आज विशेष सहायक बनेंगे। पुत्र के साथ मिलने का अवसर मिलेगा।

कन्याः आज कोई नया कार्य प्रारंभ न करें। व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभ वाला होगा। उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी, जिससे प्रमोशन के अवसर मिलेंगे।

तुलाः आज आप नए काम की शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कार्यों और साहित्य लेखन में सि य रहेंगे। तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होंगे।

वृश्चिकः स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। बातचीत में किसी के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखें।

धनुः आज का दिन सुख-शांति और आनंद में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ अच्छा दिन बीतेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। विपरीत लिंगीय व्यक्ति यों की ओर विशेष आकर्षण रहेगा और उनके साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी।

मकरः आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति मिलेगी और आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। व्यापार के विकास के लिए दिन फलदायक साबित होगा।

कुंभः दिन आपके लिए मध्यम फलदायी होगा। आमोद-प्रमोद के पीछे खर्च होने की आशंका है। परिजनों के साथ कलह होने का प्रसंग बन सकता है। निर्धारित कार्य पूरा नहीं होने के कारण आपको काफी निराशा होगी। मन अशांत हो सकता है।

मीनः आज के दिन ताजगी और स्फूर्ति का अभाव हो सकता है। मां का स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ वाद-विवाद न हो, ध्यान रखें। अधिक परिश्रम वाले कार्य अभी टालें।

# जानें- शमी वृक्ष का धार्मिक महत्व, ऐसे करें उपासना

हर वृक्ष और हर पौधा अपने अंदर एक विशेष गुण रखता है. उसकी आकृति, रंग, सुगंध, फल और फूल अलग-अलग प्रभावों के कारण अलग-अलग ग्रहों से सम्बन्ध रखती है. अगर ग्रहों से सम्बंधित पौधे लगाकर उनका ध्यान रखें तथा पूजा उपासना की जाए, तो विशेष लाभ हो सकता है. शनि से सम्बन्ध रखने वाला पौधे का नाम शमी है. शनि की कृपा प्राप्त करने के लिए और उसकी पीड़ा से मुक्ति के लिए शमी के पौधे का विशेष प्रयोग होता है.

शमी का संबंध शनि से क्यों है और इसका धार्मिक महत्व क्या है-

- माना जाता है कि श्रीराम ने लंका पर आक्रमण के पूर्व इस पौधे की पूजा की थी.
- पांडवों ने अज्ञातवास में अपने सारे अस्त्र-शस्त्र इसी वृक्ष में छुपाए थे. इसलिए इस पौधे को अद्भुत शक्ति का प्रतीक भी माना जाता है.
- शमी का पौधा किसी भी स्थिति में जीवित रह सकता है.
- अत्यंत शुष्क स्थितियां भी इसको नुकसान नहीं पहुंचा सकती है.



- इसके अंदर छोटे-छोटे कांटे भी पाए जाते हैं, ताकि यह सुरक्षित रहे.
- इसके कठोर गुणों और शांत स्वभाव के कारण इसका संबंध शनि देव से जोड़ा जाता है.

शमी की स्थापना कैसे करें-

- शमी का पौधा विजयादशमी को लगाना सबसे उत्तम होता है.
- शमी को शनिवार के दिन लगा सकते हैं इसे गमले में या भूमि पर घर के मुख्य द्वार के निकट लगाएं, लेकिन इसे घर के अंदर नहीं लगाना चाहिए.
- प्रातःकाल इसमें जल डालें और प्रयास करें कि यह पौधा सूखने न पाएं.

किस प्रकार शमी के पौधे की उपासना करें कि शनि की पीड़ा से मुक्ति मिले-

- घर में लगाएं हुए शमी के पौधे के नीचे हर शनिवार को दीपक जलाएं.
- यह दीपक सरसों के तेल का होना चाहिए.
- नियमित रूप से इसकी उपासना से शनि की हर प्रकार की पीड़ा का नाश होता है.
- शमी के पत्ते जितना ज्यादा घने होते हैं, उतनी ही घर में धन-संपत्ति और समृद्धि आएगी.
- अगर शनि के कारण स्वास्थ्य या दुर्घटना की समस्या है, तो शमी की लकड़ी को काले धागे में लपेट कर धारण करें.
- शनि की शान्ति के लिए शमी की लकड़ी पर काले तिल से हवन करें.

# धोनी का सही विकल्प है पंत : पॉटिंग



नई दिल्ली (आनएनएस)। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉटिंग का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी विश्व कप में महेंद्र सिंह धोनी के सबसे अच्छे विकल्प है। इंग्लैंड और वेल्स में 30 मई से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनी जानी है और पॉटिंग ने कहा कि अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भारतीय टीम में स्थान के प्रबल दावेदार हो जाएंगे।

गौरतलब है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे वनडे में पंत के मैदान पर रहने के दौरान धोनी, धोनी के नारे लगे थे।

सूत्रों ने पॉटिंग के हवाले से बताया, मैं समझता हूं कि वास्तव में मेरे और अन्य प्रशिक्षकों के लिए यह एक बड़ा काम है कि हम पंत को पिछले दिनों जो हुआ उसे भुलाने में मदद करें। वह शायद भाग्यशाली थे कि यह चीज अंत के कुछ मैचों में हुई क्योंकि इस तरह के दबाव में पूरे पांच मैच खेलना मुश्किल होता और अब वह उस प्रतियोगिता में वापस आए गए हैं जिसमें उन्होंने पहले बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

पॉटिंग ने कहा, अगर वह हमारे लिए एक-दो गेम जीत सकते हैं तो सब कुछ भुला दिया जाएगा। मुझे भारतीय विश्व कप टीम में दूसरे विकेटकीपर के रूप में उनसे बेहतर कोई नहीं दिखाई दे रहा। आईपीएल के 12वें संस्करण में पॉटिंग दिल्ली के मुख्य कोच हैं।

## चिकन विंग्स बनाने की विधि जानिए



आजकल बहुत से लोगो को नॉनवेज खाना बहुत पसंद होता है, अगर आपको भी नॉनवेज खाना बहुत पसंद है तो आज हम आपके लिए हॉट चिकन विंग्स बनाने की रेसिपी लेकर आये है, ये खाने में बहुत ही टेस्टी होते है और आप इन्हे आसानी से घर पर ही बना सकती है, आईए जानते हैं इसे बनाने की विधिः-

सामग्रीः-

मक्खन - 75 ग्राम,हॉट सॉस - 2 बड़े चम्मच,नमक - 1/2 छोटा चम्मच,चिकन विंग्स - 500 ग्राम,नमक - 1/2 छोटा चम्मच

विधिः-

1- हॉट चिकन विंग्स बनाने के लिए एक पैन को गैस पर रखकर गर्म करे और फिर इसमें 75 ग्राम मक्खन डालकर पिघला ले, अब इसमें 2 बड़े चम्मच हॉट सॉस डालकर अच्छे से मिक्स करे,

2- अब इसमें 1/2 छोटा चम्मच नमक डालकर अच्छे से मिलाये और इसे अच्छे से उबाल लें जब ये उबल जाये तो इसे आंच से उतार कर एक तरफ रख दे,

3- अब एक कटोरे में 500 ग्राम चिकन विंग्स डालकर अच्छे से मिलाये,

4- जब ये अच्छे से मिल जाये तो इस मिश्रण को एक पैन में डालकर इसके ऊपर थोड़ा-सा नमक डालकर गोल्डन होने तक भुने,

5- लीजिए आपके हॉट चिकन विंग्स तैयार हैं. इन्हें गर्मा-गर्म परोसें.


## शब्द सामर्थ्य-08

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 07 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू-08

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 07 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |